हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(पन्द्रहवां सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

बुधवार, 10 अगस्त, 2022/19 श्रावण, 1944 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री].

कुल प्रश्न - 43

बस सेवा

***5182 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नैनीखड्ड से बद्दी वाया चुवाड़ी-सिहुंता-कांगड़ा-ऊना बस सेवा कब आरम्भ की जाएगी; और

(ख) लिंक रोड़ सुरपड़ा-तला, ध्रूं-बनेट, मोतला-सुखियाड, रायपुर-फगोट, घोट-जामवल, रौनी, केहलू, मोरनू, चंबी-संधारा, समोट-मोरठू, धुलारा-काथला और पंजला-कियोड में बस सेवा कब आरम्भ की जाएगी; ब्यौरा रूटवार दें?

लम्बित योजनाएं

***5183 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 20.07.2022 तक रोहड़ू जल शक्ति मण्डल के अंतर्गत एल0डब्ल्यू0एस0एस0 की कितनी योजनाओं का कार्य लम्बित पड़ा है तथा सरकार इन्हें कब तक पूर्ण करने का विचार रखती है?

अटल आदर्श विद्यालय

***5184 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि हमीरपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत अटल आदर्श विद्यालय खोलने की सारी प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई हैं; यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

Employment to Himachalis

***5185 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Education Minister** be pleased to state that whether norms to employ Himachalis are being followed by the Private Universities in the State and the UGC pay scale is given to the employees?

लगवालती बमसन फेज़-II

***5186 श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) भोरंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लगवालती बमसन फेज़-II पेयजल योजना के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) यदि यह योजना बनकर तैयार हो चुकी है तो इस योजना को बिजली के कनैक्शन से कब तक जोड़ दिया जाएगा व इसमें विलम्ब के क्या कारण हैं; कारण सहित ब्यौरा दें?

Vacancy Position

***5187 Smt. Asha Kumari (Dalhousie) :**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) how many posts of all categories are created in Government Degree College Salooni, Telka and Bhallai; category-wise and Institution-wise details be given;

(b) how many posts of all categories are lying vacant in these Government Colleges and since when; category-wise and Institution-wise details be given;

(c) what steps the Government has taken to fill-up these posts; details be given;

(d) whether it is a fact that the building of GSSS Telka was dismantled a few years ago;

(e) what is the estimated cost of construction of new building; and

(f) how much construction work of the building has been carried out; details be given?

एकीकृत जनजातीय विकास कार्यक्रम

***5188 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **तकनीकी शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) किन्नौर में एकीकृत जनजातीय विकास कार्यक्रम के संचालन के लिए बने परियोजना सलाहकार समिति की बैठकें क्यों आयोजित नहीं की जा रही हैं;

(ख) गत 2 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक जनजातीय विकास कार्यक्रम के तहत माइनर वर्क्स में कितनी धनराशि व्यय की गई; योजनावार व आबंटित धनराशि सहित ब्यौरा दें;

(ग) माईनर वर्क्स के लिए धनराशि स्वीकृत करने की क्या प्रक्रिया है; इसकी sanctioning authority कौन है;

(घ) यह भी सत्य है कि जिला किन्नौर में जनजातीय विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत माइनर वर्क्स (शीर्ष) योजनाओं की स्वीकृति सरकार की सिफारिश से की गई है; यदि हां, तो कितनी योजनाओं की सरकार ने सिफारिशें की; उन योजनाओं का नाम सहित ब्यौरा दें तथा की गई सिफारिशों की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ङ) यह भी सत्य है कि विधायक किन्नौर ने (शीर्ष) माइनर वर्क्स के तहत योजनाओं के लिए धनराशि आबंटन हेतु सिफारिशें की परन्तु एक भी योजना के लिए इस शीर्ष से धनराशि की स्वीकृति नहीं दी गई; कारण सहित ब्यौरा दें?

सड़क निर्माण

***5189 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि लोक निर्माण मण्डल नेरचौक के अंतर्गत चडीधार से मुरारी माता जी सड़क को विधायक प्राथमिकता योजना के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है; इसके लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है व निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; और

(ख) लोक निर्माण मण्डल नेरचौक के अंतर्गत फतेहपुर-रिपेड-बरसवाण पन्नौलू सड़क की मैटलिंग व टारिंग का कार्य कब आरंभ किया जाएगा तथा इस सड़क के लिए कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है?

हवाई अड्डा निर्माण

***5190 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश के मण्डी जिले में हवाई अड्डा निर्माण हेतु सरकार ने कौन सा स्थान चयनित किया है;

(ख) इस हवाई अड्डे के निर्माण हेतु कितनी भूमि अधिगृहित की जा रही है;

(ग) अधिग्रहण के लिए मुआवजा दर क्या फैक्टर-II के अनुरूप दिया जाना है;

(घ) अब तक कितनी धनराशि मुआवजे के रूप में प्रदान की गई है; और

(ङ) इस हवाई अड्डे की कितनी लागत है; केन्द्र से कितनी धनराशि इसके लिए जारी हुई है; ब्यौरा दें?

रज्जु मार्ग

***5191 श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश के लिए केन्द्र सरकार द्वारा रज्जु मार्ग स्वीकृत किए गए हैं; यदि हां, तो ब्यौरा स्वीकृत धनराशि व स्थानवार दें; ये कार्य कब तक प्रारंभ किए जाएंगे; और

(ख) सरकार ऊपरी शिमला में पर्यटन को विकसित करने के लिए खड़ापत्थर-गिरी-

कुप्पर में रज्जु मार्ग के सर्वेक्षण और व्यवहार्यता तलाशने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

नए कार्यालय

***5192 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के कितने वृत्त, मण्डल तथा उप-मण्डल कार्यालय कहां-कहां खोले गए; ब्यौरा दें; और

(ख) इन नए कार्यालयों के लिए विभिन्न श्रेणियों के कितने पद सृजित किए गए; इन पदों को भरने के लिए कितनी धनराशि व्यय की गई; व्यय की गई धनराशि का पदवार ब्यौरा दें?

पदपूर्ति

***5193 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक, माध्यमिक, वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं तथा महाविद्यालयों में अध्यापकों व प्राध्यापकों के कितने पद स्वीकृत व रिक्त हैं; सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा पाठशालावार, महाविद्यालयवार व पदवार दें?

ओ0 बी0 सी0 आरक्षण

***5194 श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि गत 3 वर्षों से सरदार पटेल विश्वविद्यालय मण्डी में ओ0बी0सी0 वर्ग को भी अन्य वर्गों के साथ आरक्षण दिया जा रहा था; यदि हां, तो ओ0बी0सी0 वर्ग के कितने विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में यूनिवर्सिटी में प्रवेश लिया;

(ख) यह सत्य है कि इस सत्र से ओ0बी0सी0 वर्ग के आरक्षण को वापस ले लिया गया है; यदि हां, तो कारण; और

(ग) यह भी सत्य है कि इसमें आर्थिक कमजोर वर्ग (EWS) को अतिरिक्त सीटें

(supernumerary seats) देकर आरक्षण का प्रावधान कर दिया गया है; यदि हां, तो सरकार ओ0बी0सी0 वर्ग को भी आरक्षण देने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

पार्ट टाइम वर्कर

*5195 **श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार प्रदेश में विभिन्न विभागों में कार्यरत पार्ट टाइम वर्कर्स के नियमितीकरण की अवधि को घटाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

रिक्त पद

*5196 **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्कूलों व कॉलेजों में अध्यापकों व कर्मचारियों के पद रिक्त पड़े हैं; यदि हां, तो सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

दवाइयों की खरीद

*5197 **श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में कितनी रोगी कल्याण समितियां पंजीकृत हैं; इन समितियों द्वारा गत 2 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक कितनी दवाइयों की खरीद की गई है; दवाइयों की खरीद में अपनाई गई पद्धति और प्रक्रिया का प्रत्येक समितिवार ब्यौरा दें?

Construction of GSSS Chanawag

*5198 **Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) what is the latest position of construction of school building of GSSS Chanawag, Neen, Mandorhghat in Shimla Rural Assembly Constituency; and

(b) when will the construction work be completed; details be given?

National Health Mission

***5199 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) what are the total number of employees whose recruitment has been done through National Health Mission and how many have retired; how many have been removed from service; the reasons for the same; how many of them to continue to serve with the Health Department; designation-wise details be given;

(b) what is the salary alongwith allowances being provided to them and also the salary and allowances being provided to regular employees and Officers working on equivalent posts in the Health Department; and

(c) has the National Health Mission directed the service provider of 108 and 102 Ambulance services to re-employ those serving with GVK; if not, the reasons for the same?

पंजीकृत वाहनों की पासिंग

***5200 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि उप-मण्डलाधिकारी (नागरिक) शिमला (शहरी व ग्रामीण) तथा क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय शिमला में पंजीकृत वाहनों की पासिंग व ड्राइविंग टैस्ट राष्ट्रीय राजमार्ग-22 तारादेवी यांत्रिक कार्यशाला के समीप किए जाते हैं; यदि हां, तो क्या यातायात की समस्या के दृष्टिगत सरकार पासिंग व ड्राइविंग टैस्ट को किसी अन्यत्र स्थान पर स्थानान्तरित करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारणों सहित ब्यौरा दें?

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

***5201 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि लोक निर्माण विभाग मण्डल करसोग में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत विभिन्न सड़कों के दूसरे चरण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है; और

(ख) प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत तीसरे चरण में किन-किन सड़कों का निर्माण कार्य किया जाना प्रस्तावित है; नामवार ब्यौरा दें?

रिक्त पद

***5202 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि नालागढ़ उप-मण्डल के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डोली में अध्यापकों के 5 पद रिक्त पड़े हैं; यदि हां, तो सरकार कब तक इन रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है; और

(ख) यह भी सत्य है कि इस पाठशाला में अंग्रेजी प्रवक्ता का डेपुटेशन कल्लर जिला बिलासपुर में होने के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है; यदि हां, तो सरकार इस डेपुटेशन को रद्द करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारणों सहित ब्यौरा दें?

बिजली महादेव रज्जु मार्ग

***5203 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बिजली महादेव रज्जु मार्ग कुल्लू के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; इसका सर्वे कहां से हुआ व यह कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; कंपनी के नाम सहित ब्यौरा दें?

Construction of School Buildings

***5204 Sh. Nand Lal (Rampur) :**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) what is the latest position of construction of School buildings of GSSS

Majholi Tipper, Kungal Balti and Sholi; details be given; and

(b) what is the status of building construction work of Engineering College at Kotla, Government Degree College Nankhari and Jeori?

भवन निर्माण

***5205 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भटियात विधान सभा निवार्चन क्षेत्र के अंतर्गत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टुंडी, धुलारा, मैल, ककीरा, अवां और राजकीय उच्च विद्यालय ढलोग, मथोलु, सलोह, ककरोटी घट्टा, सरोग, ग्रेंगड़, खुईं व राजकीय माध्यमिक विद्यालय सौगलु के भवन निर्माण हेतु कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; ब्यौरा पाठशालावार अद्यतन स्थिति सहित दें?

कार्टन पर जी0एस0टी0

***5206 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सेब के कार्टन पर जी0एस0टी0 कब से लागू किया गया तथा इसे सरकार द्वारा कब व कितना बढ़ाया गया; और

(ख) यह सत्य है कि सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि जी0एस0टी0 की दरों को कम कर दिया जाएगा; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

हर घर नल और हर घर जल योजना

***5207 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक प्रदेश में जल शक्ति विभाग द्वारा "हर घर नल और हर घर जल योजना" के तहत कितने नये कनैक्शन दिए गए; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

Water Bills

***5208 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that resolution no. 2/2021 dated 27.8.2021 have been passed by the MC Solan, wherein water bills @ Rs100 per month fixed for the consumers is in the public interest, has been suspended by the Government; and

(b) if yes, will the Government revoke the resolution?

सौर ऊर्जा पैनल

***5209 श्रीमती कमलेश कुमारी (भोरंज):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार प्रदेश में सौर ऊर्जा के माध्यम से रेन शेल्टरों की छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने का विचार रखती हैं; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

Forest Clearance

***5210 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that what is the latest position of obtaining Forest Clearance for the Link roads to village Chiri-Drabad, Jutrahn and Sagoti in Dalhousie Assembly Constituency; details be given?

खनन लाइसेंस

***5211 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जिला किन्नौर में रेत के खनन हेतु कोई वैध खनन लाइसेंस नहीं है;

(ख) वर्तमान में ग्राम पंचायत किल्बा, जंगी व स्पीलो ने रेत खनन के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र (NOC) खनन विभाग को प्रेषित किए हैं; यदि हां, तो कब दिए गए हैं; और

(ग) अनापत्ति प्रमाण-पत्र मिलने के बावजूद रेत खनन के लिए नीलामी प्रक्रिया किन

कारणों से नहीं की जा रही है तथा कब तक यह प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी?

पावर हाउस निर्माण

*5212 **श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के बग्गी में बी0बी0एम0बी0 द्वारा 40 मैगावाट का पावर हाउस बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक आरंभ किया जाएगा तथा इसके लिए अब तक सरकार द्वारा कितनी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं तथा कितनी शेष हैं; ब्यौरा दें?

विज्ञान कक्षाएं

*5213 **श्री रोहित ठाकुर (जुब्बल-कोटखाई):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में कहाँ-कहाँ वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में विज्ञान भवन बने हैं, इनमें कितनी पाठशालाओं में विज्ञान विषय पढ़ाया जा रहा है; ब्यौरा शिक्षण संस्थान, स्वीकृत पदों व रिक्त पदों सहित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें;

(ख) यह सत्य है कि जुब्बल-कोटखाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कलबोग वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में विज्ञान भवन बना है; यदि हां, तो इसमें कितना व्यय हुआ; और

(ग) यह भी सत्य है कि विज्ञान विषय के प्रवक्ता के पद सृजित न होने के कारण यह भवन उपयोग में नहीं है; यदि हां, तो सरकार इन पदों को कब तक सृजित करने का विचार रखती है?

सड़क निर्माण व डी०पी०आर०

*5214 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेश में कितनी नई सड़कों का निर्माण किया गया; कितनी पुरानी सड़कों की मरम्मत की गई; मण्डलवार ब्यौरा दें;

(ख) इन सड़कों के निर्माण तथा पुरानी सड़कों की मरम्मत पर कितनी धनराशि व्यय की गई; मण्डलवार ब्यौरा दें;

(ग) गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों एवं पुलों की कितनी डी0पी0आर्ज0 आउटसोर्स एजेंसी से बनवाई गईं; डी0पी0आर्ज0 सहित पूर्ण ब्यौरा दें; और

(घ) प्रत्येक डी0पी0आर0 को बनाने में कितनी धनराशि व्यय की गई; आउटसोर्स एजेंसी के नाम तथा दी गई धनराशि सहित पूर्ण विवरण दें?

उप-स्वास्थ्य / प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

*5215 **श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने उप-स्वास्थ्य व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले गए; इनमें कितने पद भरे गए तथा कितने रिक्त हैं; ब्यौरा पद तथा केन्द्रवार दें?

ई0डब्ल्यू0एस0 आरक्षण

*5216 **श्री पवन कुमार काजल (कांगड़ा):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि 11 जून, 2019 को प्रदेश सरकार ने ई0डब्ल्यू0एस0 के लिए प्रदेश में श्रेणी-I से श्रेणी-IV तक आरक्षण देने की अधिसूचना जारी की तथा अधिसूचना के प्वांईट नंबर 5.3 में ही स्पष्ट कर दिया गया कि ई0डब्ल्यू0एस0 की बैकलॉग नहीं रखी जाएगी; यदि हां, तो क्या यह भी सत्य है कि निदेशक पशुपालन विभाग ने 14 जुलाई, 2022 को जो ई0डब्ल्यू0एस0 की 18 वेटरिनरी फार्मासिस्टों की रिक्तियों का बैकलॉग दर्शा कर विज्ञापन दिया है, वह किस नियम के तहत दिया गया है; ब्यौरा दें?

मशीनरी की कमी

***5217 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के समस्त उप-मण्डलों व मण्डल कार्यालयों में मशीनरी की कमी है; यदि हां, तो सरकार इस कमी को पूरा करने हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

राजकीय महाविद्यालय जयनगर व दाड़लाघाट

***5218 श्री संजय अवस्थी (अर्की):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि राजकीय महाविद्यालय जयनगर व दाड़लाघाट के भवनों का निर्माण कार्य गत वर्षों से शुरू नहीं हो पाया है; इन महाविद्यालयों का निर्माण कार्य कब शुरू होगा; इन महाविद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ कब से मिलना आरम्भ होगा; ब्यौरा दें?

Outsource Workers

***5219 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) how many outsource workers have been appointed or engaged in the Government Departments, Corporation, Boards and Agencies in the State; category-wise details be given; and

(b) whether Government is framing any policy to regularise them; if yes, by when?

Subsidy

***5220 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state :-

(a) is the Government providing Fungicides, Insecticides and Pesticides

through the Horticulture Department on subsidized rates; if not, why not and since when;

(b) what was the cost incurred by the Horticulture Department to provide Fungicides, Insecticide and Pesticides to the farmers; Block-wise and year-wise details be given for the last 3 years utpo 20.07.2022; and

(c) does the Government propose to continue the old policy of providing subsidies to the farmers based upon the experience of the farmers?

Traffic Congestion

***5221 Sh. Anirudh Singh (Kasumpti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state is it a fact that Pine View Filling Station near Old Barrier, Shimla is causing Traffic Congestion throughout the day; if yes; what steps are being taken by the Government to regulate smooth traffic flow near this point; details be given?

ट्रांसफार्मर

***5222 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि करसोग विद्युत मण्डल में कितने ट्रांसफार्मर स्थापित किए जा चुके हैं, कितने स्थापित करने शेष हैं व कितने प्रस्तावित हैं?

स्वीकृत हैंडपम्प

***5223 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 20.07.2022 तक नालागढ़ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने हैंडपम्प प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत किए गए हैं; ब्यौरा स्वीकृत धनराशि, स्थानवार व लाभार्थियों के नाम सहित दें?

Bypass at Rampur

***5224 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) what is the latest position of construction of Bypass at Rampur; and

(b) will any work on construction of bridge on Satluj River be done?

Yash Paul Sharma,

Secretary.